LALITPUR POLICE

दिनांक- 03.12.2024

साइबर क्राइम ललितपुर पुलिस द्वारा भोले- भाले लोगो को पैसे का लालच देकर उनसे खाता खुलवाकर खाते की किट प्राप्त करना व उनके खातो का आंनलाइन धोखाधड़ी में प्रयोग करने वाले 04 नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया

अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद कार स्कार्पियों, 04 अदद मोबाइल, 14 अदद सिम कार्ड व 1840 रूपये किये गये बरामद

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में साइबर थाना ललितपुर पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2024 धारा 316(2) /318(4) (4) BNS व 66 सी / 66डी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. रितिक मिश्रा 02. अंकुश यादव 03. अमन मिश्रा 4. शिवम यादव को गोविन्द सागर बांध के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण —</u> वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि कुछ महिनो पहले मेरे पास रितिक मिश्रा अंकुश यादव एवं अमन मिश्रा व अन्य तीन लोग आये हुये थे जिन्होने आनलाइन मेरा खाता फेडरल बैंक में खुलवाया था एंव खाता किट अपने पास मगवा ली थी इसके एवज में मुझे पैसा का लालच दिया था कि आपके खाते में एक लाख का वैलिड ट्रान्जेक्शन होगा बाद में उन्होने मेरे खाते से रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर बदलकर अन्य नम्बर डाल दिया बाद में मेरे साथियो ने बताया कि रितिक मिश्रा व उसके साथी लोगो से खाते खुलवाकर खातो में साइबर क्राइम का पैसा डलवाते है के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था।

प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर थाना ललितपुर में सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु साइबर टीम द्वारा सर्विलांस, सीसीटीवी व मुखबिर के माध्यमों से अपराधियों को चिन्हित कर उनकी रूट मैपिंग की गयी। इसके लिये झांसी, ललितपुर , के विभिन्न स्थानों का सीसीटीवी फुटेज देखे गये। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों द्वारा साइबर अपराध में प्रयोग किये गये बैंक खातों के स्टेटमेंट का अवलोकन कर मनीट्रेलिंग को फोलो किया गया। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस(मैनुअली/टैक्नीकली) के आधार पर अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –</u>

01. रितिक मिश्रा पुत्र श्री सुनील कुमार मिश्रा नि0 ग्राम छायन थाना महरौनी जनपद ललितपुर
02. अंकुश यादव पुत्र महेश यादव नि0 मेडिकल करगुंआ जी थाना नवाबाद जिला झांसी उ0प्र0
03. अमन मिश्रा पुत्र राम कुमार मिश्रा नि0 देवगढ़ रोड गांधी नगर थाना कोतवाली ललितपुर

04. शिवम यादव पुत्र रविन्द्र यादव नि0 मेडिकल कालेज गेट नं0 – 02 करगुंवा जी थाना नवाबाद जनपद झांसी उ0प्र0

<u>पूछतांछ का विवरण –</u> **अभि0गण ने पूछने पर बताया कि साहब हम लोगो का एक संगठित गिरोह है जिसमें हम लोग भोले -भाले लोगो को गुमराह कर लोन दिलवाने का लालच देकर तथा अन्य प्रकार के लालच देकर उनका खाता फेडरल बैंक में खुलवा देते हैं और उनके खातो में धोखाधड़ी करके उसमें अपना कम्यूनिकेशन पता डाल देते हैं जिससे उसमे आने जाने वाले रूपये की जानकारी हम लोगो को हो जाती है और खाता धारक को कुछ भी पता नही चलता है। फिर इन्ही खातो को हम लोग साइबर अपराधियों को बेच देते हैं तथा आनलाईन धोखाधड़ी में प्रयोग करते हैं, जिसके बदले में हमे काफी रूपया मिलता है जिसे हम लोग आपस में बांटकर अपने ऐशो -आराम की जिंदगी जीते हैं। साहब हमसे गलती हो गयी हमें मांफ कर दीजिये।**

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. **बरामदगी 04 अदद मोबाइल ,**
2. **14 अदद सिम कार्ड न्यू**
3. **01 अदद स्कार्पियो नं0- MP 09 ZT4747**
4. **1840/- रुपये**

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम –</u>

1.नि0 कृष्णदेव यादव , प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना ललितपुर।
2.उ0नि0 राहुल सिंह , साइबर क्राइम थाना ललितपुर।*
3- उ0नि0 गौतम पूनिया साइबर क्राइम थाना ललितपुर।
4.हे0का0 संजीव शर्मा साइबर क्राइम थाना ललितपुर।
5.का0 पवन कुमार यादव , साइबर क्राइम थाना ललितपुर।
6. का0 मोहम्मद वसीम साइबर क्राइम थाना ललितपुर
7. का0 कुवंर देवेन्द्र सिंह साइबर क्राइम थाना ललितपुर
8. का0 जीतेन्द्र साइबर क्राइम थाना ललितपुर।
9-. का0 प्रमेश कुमार साइबर क्राइम थाना ललितपुर।